प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

राष्ट्रीय खेल सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

पन्तनगर। 2 सितम्बर 2024। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा रावे प्रोग्राम के अंतर्गत राष्ट्रीय खेल सप्ताह 2024 के अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फूलबाग सेंटर में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न खेल एवं प्रतियोगिताऐं सम्पन्न कराई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्राध्यापिका डा. अनुपमा पाण्डे एवं रावे इंचार्ज के नेतृत्व में चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया। राष्ट्रीय खेल सप्ताह (26–31 अगस्त 2024) के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम **'ईट फॉर विन'** विषय के अंतर्गत सम्पन्न किये गये। इसमें बच्चों को विभिन्न खेलों में शामिल किया गया, जिनमें रिले रेस, खो–खो एवं प्रदेश से सम्बंधित सामान्य ज्ञान का क्विज, एक्टिंग के माध्यम से खेल को पहचानना स्पोर्ट्स स्कैवेंजर हंट एवं शारीरिक विकास के लिए अन्य खेल किय गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए एक वीडियो सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें पैरालंपिक्स और खेल मंत्रालय की जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को खेल के साथ–साथ स्वस्थ आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। एक विशेष क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने स्वस्थ आहार और पोषण से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। इसके माध्यम से उन्हें उनके शरीर और खेल के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को योग का अभ्यास भी कराया गया और योग के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। योग के विभिन्न आसनों के साथ–साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस आयोजन ने बच्चों के बीच स्वस्थ जीवन शैली और खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

2. कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार